भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: 309
दिनांक 10 अगस्त, 2023

सामरिक पेट्रोलियम भंडारों से कच्चा तेल जारी करना

†*309. श्रीमती चिंता अनुराधा:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए अपने सामरिक पेट्रोलियम भंडारों से पांच मिलियन बैरल कच्चा तेल जारी किया है;

(ख) यदि हां, तो देशभर में इन बैरल के वितरण की पद्धति क्या है; और

(ग) बाजार की अस्थिरता को कम करने और भारत में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि को कम करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

‘सामरिक पेट्रोलियम भंडारों से कच्चा तेल जारी करना’ के बारे में संसद सदस्य श्रीमती चिंता अनुराधा द्वारा दिनांक 10.08.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 309 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग) बढ़ते तेल मूल्यों में स्थिरता लाने के उद्देश्य से भारत सरकार, यूनाइटेड स्टेट्स तथा जापान सहित अन्य प्रमुख वैश्विक ऊर्जा उपभोक्ताओं के साथ परामर्श करके और उनके समानांतर नवंबर, 2021 में अपने कार्यनीतिक पेट्रोलियम भंडारों से पांच मिलियन बैरल कच्चा तेल जारी करने के लिए सहमत हो गई थी।

इस निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की विशाखापत्तनम रिफाइनरी तथा मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड की मंगलौर रिफाइनरी को कच्चा तेल जारी किया था।

सरकार कच्चे तेल के मूल्यों में अस्थिरता के संबंध में भारत की गंभीर चिंताओं तथा उपभोक्ता देशों के लिए जिम्मेदारीपूर्ण और उचित मूल्य निर्धारण के लिए भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता के बारे में संसूचित करने के उद्देश्य से कच्चा तेल उत्पादक देशों के साथ, ओपेक के साथ तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय स्तर पर इस मुद्दे पर बातचीत करती रही है।

***